भारतीय प्रधानमंत्री की न्यूज़ीलैंड, एस्टोनिया व कैरीकॉम समूह के नेताओं के साथ बैठक

चर्चा में क्यों ?

25 सतिंबर, 2019 को भारतीय प्रधानमंत्री ने न्यूज़ीलैंड की प्रधानमंत्री **जैसडिा अर्डर्न (Jacinda Ardern)**, एस्तोनिया गणराज्य की राष्ट्रपति **केर्स्टी कलजुलैद (Kersti Kaljulaid)** तथा कैरेबियाई देशों के समूह **कैरीकॉम (Caribbean Community- CARICOM)** के प्रतिनिधित्व मंडल के साथ बैठक की।

प्रमुख बिंदु

- भारतीय प्रधानमंत्री ने न्यूज़ीलैंड की प्रधानमंत्री के साथ द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की और राजनीतिक, आर्थिक, रक्षा, सुरक्षा तथा दोनों देशों की जनता के बीच आपसी संबंधों को बढ़ाने के उपायों पर चर्चा की।
- न्यूज़ीलैंड की प्रधानमंत्री ने भारतीय प्रधानमंत्री को अपने नए महत्त्वपूर्ण पत्र **'इंडिया 2022- इन्वेस्टिंग इन रिलेशनशिप'** के बारे में बताया जो **न्यूजीलैंड इंक इंडिया स्ट्रैटजी 2011** का ही विस्तार है।
- दोनों नेताओं ने अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद के मामले सहित आपसी हित के वैश्विक और क्षेत्रीय मामलों पर भी चर्चा की तथा इस बारे में दोनों देशों के बीच वैचारिक समानता की सराहना की।
- भारतीय प्रधानमंत्री ने एस्तोनिया गणराज्य की राष्ट्रपति केर्स्टी कलजुलैद के साथ ई-प्रशासन, साइबर सुरक्षा और नवाचार जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को मज़बूत बनाने पर चर्चा की तथा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अस्थायी सीट (2021-2022) के लिये भारत की उम्मीदवारी पर समर्थन के लिये एस्तोनिया को धन्यवाद दिया।
- भारतीय प्रधानमंत्री ने कैरेबियाई देशों के समूह के नेताओं के साथ अलग से बैठक की। इस मुलाकात में कैरेबियाई देशों और भारत के ऐतिहासिक तथा मधुर संबंधों में एक नई गति देखने को मिली।
- भारतीय प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर क्षमता निर्माण, विकास कार्यों में सहायता और आपदा प्रबंधन में कैरीकॉम देशों के साथ भागीदारी पर बल दिया। उन्होंने कैरीकॉम देशों को अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन में शामिल होने तथा आपदा प्रतिरोधी संरचना के निर्माण के लिये आमंत्रित किया।
- भारतीय प्रधानमंत्री ने कैरीकॉम में सामुदायिक विकास परियोजनाओं के लिये 14 मिलियन अमेरिकी डॉलर तथा सौर, नवीकरणीय ऊर्जा और जलवायु परिवर्तन संबंधित परियोजनाओं के लिये 150 मिलियन अमेरिकी डॉलर के लाइन ऑफ क्रेडिट की घोषणा की।
- प्रधानमंत्री ने इन देशों में भारत द्वारा वित्तपोषित केंद्रों को उन्नत करके जॉर्जटाउन, गुयाना में क्षेत्रीय सूचना प्रौद्योगिकी केंद्र तथा बेलीज़ में क्षेत्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना करने की भी घोषणा की।

कैरेबियन समुदाय (Caribbean Community- CARICOM)

- इसे वर्ष 1973 में **चैगुआरामास की संधि (Treaty of Chaguaramas)** के तहत स्थापित किया गया है।
- यह कैरेबियन देशों का साझा बाजार क्षेत्र है। जिसका उद्देश्य सदस्य देशों के बीच आर्थिक एकीकरण और सहयोग को बढ़ावा देना है ।
- यह सुनिश्चित करता है कि एकीकरण के लाभ समान रूप से सदस्य देशों के मध्य साझा किये जाएं ।
- इसका सचिवालय- **जॉर्ज टाउन (गुयाना)** में स्थित है ।
- कैरीकॉम संयुक्त राष्ट्र का **आधिकारिक पर्यवेक्षक** भी है।

स्रोत: PIB

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/unga-74